Talks of Deputy Prime Minister with Chinese Leaders

1568. SHRI SURESH PACHOURI : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether the Deputy Prime Minister during his recent visit to China in connection with the FOA's Regional Conference for Asia and Pacific met the leaders of Chinese Government ; and

(b) if so, what specific subjects were discussed and the outcome thereof ?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI I. K. GUJRAL) : (a) During his recent visit to China; the Deputy Prime Minister and Agriculture Minister, Shri Devi Lal, held discussions with the then Acting Premier of China, Mr. Yao Yilin and with the Chinese Minister for Agriculture, Mr. He Kang. Along with the other Heads of delegations to the FAO Conference, Shri Devi Lal also met the General Secretary of the Chinese Communist Party, Mr. Jiang Zemin.

(b) During his meeting with Mr. Yao Yilin, Shri Devi Lal reiterated Government's commitment to continuing, and imparting further momentum to, the process of improvement of relations between India and China. In the discussions held between Shri Devi Lal and Mr. He Kang, the expension of agricultural cooperation in several areas, between India and China, was considered. As a follow-up, both countries will exchange expert-level delegations to concretize cooperation in agriculture.

बिहार में रेलगाड़ियों में लूट, हत्या और चोरी की घटनायें

1569. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले एक वर्ष के दौरान बिहार में रेल गाड़ियों में लूट, हत्या और चोरी की कितनी घटनायें हुई हैं और इस संबंध में कितने अपराधी पकड़े गये और उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई ; और

(ख) क्या ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये कोई प्रभावकारी कदम उठाये गये हैं ; यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) रेलों में हुए अपराध का पंजीकरण करना, उसकी जांच कराना, पता लगाना तथा उसकी रोकथाम करने का जिम्मेदारी सरकारी रेलवे पुलिस की है, जो राज्य सरकारों के नियंत्रण में कार्य करती है । बिहार सरकार ने वर्ष, 1989 के दौरान रेलों में लूटमार के 20, चोरी के दो तथा हत्या के दो मामले होने की सूचना दी । इन विनिर्दिष्ट अपराधों के लिये पकड़े गये अपराधियों तथा उनके विरूद्ध की गई कार्रवाई के बारे में केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा कोई आंकड़े नहीं रखे जाते हैं ।

(ख) स्थानीय आवश्यकताओं और स्थिति के अनुसार सरकारी रेलवे पुलिस सुपर फास्ट/मेल/एक्सप्रैस गाड़ियों में सुरक्षा गार्ड उपलब्ध करवाती है । जब कभी आवश्यक होता है, रेलवे सुरक्षा बल भी सरकारी रेलवे पुलिस की इस कार्य में मदद करता है ।

यात्री गाड़ियों में उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे प्राधिकारी, विभिन्न राज्यों के रेलवे पुलिस प्राधिकरणों के साथ समन्वय बैठ भी करते हैं । जब कभी किसी विशिष्ट क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति में गिरावट आती देखी जाती है तो